पंजाब केसरी 04/10/2025



7 दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम में भाग लेते विशेषज्ञ एवं विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 7 दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ

अम्बाला, 3 अक्तूबर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग आधारित कौशलों से परिचित करवाने एवं उन्हें रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

पहले दिन के कार्यक्रम में 3 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में एम.एस.एम.ई योजनाओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें एम.एस.एम.ई. की सहायक निदेशक मीनू धीमान ने विद्यार्थियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध अवसरों एवं स्टार्टअप्स के लिए सहायता तंत्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

द्वितीय सत्र में 'डिजिटल मार्केटिंग का परिचय एवं नवीनतम रुझान' विषय पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग की आधुनिक तकनीकों, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटैंट मार्केटिंग एवं वर्तमान उद्योग आवश्यकताओं के बारे में अवगत करवाया। तृतीय सत्र में 'बिजनैस फोरकास्टिंग यूजिंग ए.आई.' विषय पर व्याख्यान हुआ, जिसे सैंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा में कम्प्यूटर साइंस विभाग के प्रो. एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

डॉ. राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) किस प्रकार व्यापारिक निर्णय लेने, भविष्य की मांग के अनुमान और रणनीतिक योजना में सहायक सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम का संचालन कमलप्रीत कौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. भारती सुजान ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई संभावनाओं और करियर के अवसरों से जोड़ते हैं।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशलों की भी आवश्यकता है।

इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता करते हैं और उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सप्ताह भर चलने वाले इन सत्रों में भाग लें और अधिकतम लाभ प्राप्त करें।